# आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना।
## श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति।

### श्री कृष्ण स्मारक भवन (SKM Hall), पटना में CCTV कैमरा का अधिष्ठापन, संचालन एवं रख–रखाव हेतु निविदा आमंत्रण प्रारुप

श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना द्वारा श्री कृष्ण स्मारक भवन (SKM Hall) में CCTV कैमरा लगाया जाना है। इस हेतु निम्नलिखित शर्तों के साथ इच्छुक एजेन्सी/फर्म से CCTV कैमरा का अधिष्ठापन, संचालन एवं रख–रखाव हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते हैं :–

1. एजेन्सी/फर्म के पास PAN का होना आवश्यक है।
2. एजेन्सी/फर्म के पास GST का होना आवश्यक है।
3. एजेन्सी/फर्म को किसी सरकारी/गैर सरकारी/अर्द्ध सरकारी/निजी संस्था में CCTV कैमरा के अधिष्ठापन एवं संचालन से संबंधित कार्य का 03 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है।
4. एजेन्सी/फर्म को पिछले लगातार तीन वित्तीय वर्षों (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) का Income Tax Return File जमा करने का Acknowledgement की प्रति संलग्न करना होगा।
5. एजेन्सी/फर्म के पास पिछले तीन वर्षों (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) में प्रतिवर्ष 20,00,000/– (बीस लाख) रु० का turnover होना आवश्यक है।
6. तकनीकी निविदा के साथ उपरोक्त सभी दस्तावेज को स्व–अभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।
7. तकनीकी निविदा में सफल होने वाले निविदा दाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
8. निविदा के साथ 20,000/–(बीस हजार) रु० का डिमांड ड्रॉफ्ट, जो "Sri Krishna Smarak Vikas Samiti" के नाम से भुगतेय हो, संलग्न करना होगा। निविदा प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी निविदा दाताओं को निविदा की EMD हेतु जमा की गयी D.D. को अभ्यावेदन के आधार पर वापस कर दिया जायेगा।
9. सफल निविदादाता को जमानत की राशि के रूप में 2,00,000/– (दो लाख) रु० का डिमांड ड्रॉफ्ट/ Bank Guarantee को "Sri Krishna Smarak Vikas Samiti" के नाम से जमा करना होगा।
10. श्री कृष्ण स्मारक भवन में विभिन्न स्थानों पर CCTV कैमरा के अधिष्ठापन से संबंधित सामग्रियाँ निम्नवत् रहेंगी:–
    (a) Bullet Camera (HD quality 30 mp range) – 20 Pcs.
    (b) PTZ Camera (HD quality 150 mp range) – 02 Pcs.
    (c) Video display हेतु एक 42 inch का L.E.D. screen एवं उक्त कैमरा के संचालन हेतु अन्य सभी सामग्रियाँ।

(d) श्री कृष्ण स्मारक भवन में विभिन्न स्थलों पर अधिष्ठापित किये जाने वाले CCTV कैमरा की विवरणी :–

| | | |
|---|---|---|
| **(क) Bullet Camera (HD quality 30 mp range)** | | |
| 1 | गेट नं० 01 से गेट नं० 07 के ऊपर | 7 अदद् |
| 2 | स्टेज के पास | 2 अदद् |
| 3 | ग्रीन रूम के पास | 1 अदद् |
| 4 | बाथरूम के नजदीक | 1 अदद् |
| 5 | गेट नं० 06 के ऊपर | 1 अदद् |
| 6 | VIP Entry Stage के पास | 1 अदद् |
| 7 | Back side left and right | 2 अदद् |
| 8 | C.M. Room के पास | 1 अदद् |
| 9 | गेट नं० 07 के पास | 2 अदद् |
| 10 | गेट नं० 06 (EVM Storage Room) | 1 अदद् |
| 11 | जयंती समारोह के पास | 1 अदद् |
| | **Total -** | **20 अदद्** |
| **(ख) PTZ Camera (HD quality 150 mp range)** | | |
| 1 | गेट नं० 04 के ऊपर | 1 अदद् |
| 2 | VIP Entry स्टेज के पास | 1 अदद् |
| | **Total -** | **02 अदद्** |

11. श्री कृष्ण स्मारक भवन/परिसर में CCTV कैमरा का अधिष्ठापन, संचालन एवं रख–रखाव के कार्य की पूर्ण जवाबदेही निविदा द्वारा चयनित एजेन्सी/फर्म की होगी।

12. निविदादाता को DM/SSP/SDO कार्यालय से निर्गत अपना वैध चरित्र प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा। चरित्र प्रमाण पत्र निविदा सूचना के विज्ञापन की तिथि से 6 माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

13. निविदादाता को शपथ–पत्र समर्पित करना होगा कि उनकी संस्था किसी भी विभाग/संस्थान द्वारा काली सूची (Blacklisted) में दर्ज नहीं है।

14. चयनित एजेन्सी/फर्म को CCTV कैमरा के Video recording का backup 15 दिनों तक रखना होगा तथा आवश्यकतानुसार समय–समय पर backup श्री कृष्ण स्मारक समिति कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

15. श्री कृष्ण स्मारक भवन/परिसर में विभिन्न स्थलों पर कुल 22 उच्च क्वालिटी का CCTV कैमरा का अधिष्ठापन करते हुए संचालन का कार्य चयनित एजेन्सी द्वारा किया जायेगा। सभी 22 कैमरे के अधिष्ठापन, संचालन एवं रख–रखाव से संबंधित अन्य सभी सामग्रियों को चयनित एजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

16. CCTV कैमरा के अधिष्ठापन, संचालन एवं रख–रखाव से संबंधित प्रस्ताव समर्पित करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था के प्रतिनिधि विशेष जानकारी हेतु दिनांक 15.07.2025 को अपराह्न 12.00 बजे आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना में आयोजित Pre-Bid Meeting में भाग ले सकते हैं।

17. इच्छुक निविदादाता सभी वांछित दस्तावेजों/कागजातों को दिनांक 28.07.2025 को अपराह्न 12.00 बजे तक श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति कार्यालय में मुहरबंद लिफाफे में निविदा जमा कर सकते हैं। तकनीकी और वित्तीय निविदा दो अलग–अलग बंद लिफाफे में होने चाहिए, जिसपर स्पष्ट रूप से तकनीकी तथा वित्तीय निविदा तथा निविदादाता का नाम अंकित होना

चाहिए। तकनीकी तथा वित्तीय निविदा के अलग–अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफे में बंद कर जमा करना होगा, इस लिफाफे पर भी निविदादाता का नाम और उद्देश्य अंकित होना चाहिए।

18. प्राप्त निविदा दिनांक 28.07.2025 को अपराह्न 03.00 बजे आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
19. निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, पटना प्रमण्डल, पटना–सह–अध्यक्ष, श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति को सुरक्षित रहेगा।
20. निविदा द्वारा चयनित एजेन्सी को 1,000/– रु० के स्टॉम्प पेपर पर एकरारनामा कराना होगा।
21. एकरारनामा की अवधि तीन (03) वर्ष की होगी तथा कार्य संतोषप्रद रहने पर दोनों पक्षों की सहमति से एकरारनामा की अवधि विस्तारित की जा सकेगी।
22. CCTV कैमरा के अधिष्ठापन, संचालन एवं रख–रखाव का कार्य संतोषप्रद नहीं रहने पर एकरारनामा को किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा।
23. निविदा भरने के पूर्व निविदादाता श्री कृष्ण स्मारक भवन का निरीक्षण कर सकते हैं।

<u>विहित–प्रपत्र**</u>

| CCTV Camera | **श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल/परिसर में CCTV कैमरा का अधिष्ठापन, संचालन एवं रख–रखाव के लिए कुल राशि प्रति माह के लिए (सभी कर सहित)** |
|---|---|
| कुल 22 CCTV Camera (सभी सामग्रियों सहित) | |

** निविदादाता के द्वारा वित्तीय निविदा की राशि विहित प्रपत्र में प्रारूप के अनुसार संस्था के लेटर पैड पर भरकर दिया जायेगा।

**नोटः– <u>तकनीकी निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली स्वअभिप्रमाणित अभिलेखों (छायाप्रति) की सूची</u> :–**

(i) आवेदन

(ii) PAN

(iii) GST

(iv) तीन वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र

(v) गत 03 वित्तीय वर्ष (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) का Income Tax Return File का Acknowledgement की प्रति

(vi) संस्था का गत 03 वित्तीय वर्ष (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) का Turn over

(vii) E.M.D. की राशि के रूप में मो० 20,000/– रु० का मूल डिमांड ड्रॉफ्ट

ह०
01/07/25

**संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,**
**क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार–सह–प्रभारी पदाधिकारी,**
श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, पटना।